DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan )
Plot No. 08, Dehmi Kalan, JDA Institutional Scheme, Bagru,
Tehsil- Sanganer, Distt. Jaipur-303007 (Rajasthan)
www.alujaipur.ac.in e-Mail: coe@alujaipur.ac.in

F. No. 4(3) Exam/ALU/2025-26/2195 Dated: 28/07/2026

# EXAMINATION FORM FILLING SCHEDULE

**The Principal,**
**All Affiliated Law Colleges,**
**Dr. Bhimrao Ambedkar Law University, Jaipur**

**Sub: Regarding schedule for filling up of online mercy chance examination forms of the session 2025-26 to LL.B. students of admitted batch 2020-21.**

**Ref.: University Mercy Chance Order issued vide F. No. 4(3) Exam/ALU/2025-26/2112 dated 28.07.2026.**

Dear Sir/Madam,

University has decided to give one Special Mercy Chance to the LL.B. Students of admitted batch 2020-21 vide above referred university order in the examination of session 2025-26. Accordingly, schedule for filling of online examination forms for such LL.B. Students, is as under:

| S. No. | Name of Course(s) | Exam Fee (in Rs.) | Dates for filling up online examination forms (With Normal fee) | Last date for deposition of hard copy of Exam. form at college for candidates and Online approval at college panel by the college |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LL.B. 3rd Year (Regular/Ex-Student) | Rs.2800/- (Regular)<br>Rs.3240/- (Ex-student) | 29.07.2026 to 31.07.2026 | 01.08.2026 |
| 2. | LL.B. Due Papers of 1st/2nd/3rd Year appearing with higher class | Rs.1100/- (One Due paper)<br>Rs.1640/- (Two Due papers)<br>Class wise full Exam. Fee (more than two Due papers) | | |
| 3. | LL.B. Due Papers of Lower Class (1st year and/or 2nd year) but LL.B. 3rd year already passed) | Examination Fee as mentioned in S. No. 2 + Rs.1200/- | | |
| 4. | Fee for physically challenged students (for all above categories) | Rs.890/- (Regular)<br>Rs.1010/- (Ex–student) | | |

Note: In addition to above following fee shall also be applicable-

(i) Degree Fee - LL.B. Course Rs. 240/- (If not paid previously).
(ii) If candidate opts for improvement paper(s)/ subject(s) as per applicable rules for securing pass percentage, he/she should be charged fee equal to due paper(s)/subject(s) fee for such improvement.
(iii) If LL.B. candidate appearing in Due/Improvement paper(s) but not appearing in examination of higher class, then he/she should be charged Rs.1200/- as Examination Fee of Final Year alongwith Fee for Due/ Improvement Paper(s) of lower class as per Sr. No. 2 (as the case may be).

**All candidates and Principal of the Colleges/ College Staff should go through the below mentioned brief guidelines carefully and act accordingly :-**

Colleges are solely responsible to adhere the above referred special mercy chance order. University shall not be responsible, if any non-eligible candidate fill the examination form and claims for appearance in examination or declaration of result or any other relief.

## General Instructions for Online Exam. Form:

- College must ensure to intimate all concerned students in this regard.

- Students of above courses can fill Online Examination form at University website i.e. **www.alujaipur.ac.in** or directly at Examination Portal **www.aluexam.com**
- Examination form can only be accepted through online mode along with online payment of prescribed fee. After filling online examination form, student must submit the hard copy alongwith requisite documents to his/ her concerned college immediately, within the prescribed timeline.
- All printed exam. forms must be signed by the concerned candidates at all the required places.
- All printed exam. forms must be sealed and singed at all required places by the concerned Principal of the College. One set of filled Examination Forms must be kept with College as office copy for future reference.

**Note:-**

All required documents with the filled Examination forms must be arranged in following order while submitting hard copies of duly verified and online approved examination forms to the University office:

1. Examination form, duly signed by candidate and Principal of the College.
2. Print out of online successful payment of examination fee receipt.
3. Self attested photo copies of marksheets of all previous classes.
4. Self attested Photo copy of caste certificate, if applicable. In case of OBC, it must not be three year older. Other State Caste Certificate shall not be considered for relaxation in eligibility percentage.
5. Self attested copy of Physically Challenged Certificate (above 40% category) issued by the competent authority, if candidate admitted in this category. If requisite certificate is not attached with examination form, normal examination fee as per rules shall be charged. Copy of certificate shall not be accepted afterwards.
6. Any other document, if required as per rule.

**Colleges are compulsorily required to update all such filled exam forms, who are eligible to appear in ensuing exam at online college panel of the University and ensure to submit hard copies of examination forms of such candidates along with the requisite documents at University office latest by 04.08.2026. After passing the last date of exam. form filling, online approval and submission of hard copies of exam. forms at University office, will not be accepted and such candidate (s) may not be permitted to appear in ensuing examinations. Kindly adhere the instructions & timeline, in case of any lapse concerned college and/or candidate will be liable for all the consequences arises.**

समस्त परीक्षार्थी भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय में परीक्षा फार्म भरने के तुरन्त अगले कार्यदिवस अथवा उपरोक्त अंकित अंतिम दिवस तक जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। विलम्ब से प्राप्त परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय में स्वीकार्य नहीं किये जावें।

1. परीक्षार्थियों द्वारा सीधे ही विश्वविद्यालय को डाक से प्रेषित ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगें व ना ही उन पर कोई कार्यवाही सम्पादित की जावेगी। अतः निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म मय वांछित दस्तावेजों के जमा करावें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित, ऑनलाईन अप्रूव व वांछित दस्तावेजों के साथ प्राप्त परीक्षा फार्म ही वि.वि. द्वारा स्वीकार्य होंगें।
2. परीक्षार्थी, जो सत्र 2025–26 की विशेष अनुग्रह परीक्षा के योग्य घोषित किये गये हैं, वे **www.aluexam.com** पर अपने रजिस्ट्रेशन क्रमांक/लॉगिल आई.डी. पासवर्ड से परीक्षा फार्म भर सकेंगें। परीक्षा आवेदन–पत्र में अपना स्वयं का ई–मेल आई.डी., मोबाईल नम्बर एवं घर के पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो परीक्षार्थियों के लिए संशोधन करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस संबंध में यह स्पष्टतया नोट करें कि परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फार्म पर स्वयं का ही मोबाईल नम्बर जो आधार नम्बर से लिंक हो, अंकित करें।
3. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईट www.alujaipur.ac.in व परीक्षा वेबसाईट www.aluexam.com पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय परीक्षा स्कीम व पाठ्यक्रम के संबंधित नियम जो विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं, का उचित अवलोकन करें।
4. ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने अथवा बैंक ट्रांजेक्शन में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर निम्नलिखित हेल्पलाईन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

| **ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने व बैंक ट्रांजेक्शन सहायता हेतु (केवल कार्यालय दिवस प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे तक)** |
|---|
| **8955654826** |

5. परीक्षा फार्म भरने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश, परीक्षा फीस के विवरण आदि की सूचना वेबसाईट **www.alujaipur.ac.in** एवं **www.aluexam.com** पर भी उपलब्ध हैं। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा के संबंध में समय–समय पर इन वेबसाईटस् पर प्रसारित की जाने वाली सूचनाओं का अवलोकन करते रहें व अपने संबंधित महाविद्यालय के सतत सम्पर्क में रहें।

**ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी विशिष्ट निर्देश :**

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.aluexam.in /Student Panel पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित / पूर्व छात्र) का चयन कर सत्र 2025–26 की संबंधित कक्षा की परीक्षा के विषयों का चयन करते हुये रजिस्ट्रेशन क्रमांक से परीक्षा फार्म भरेंगें।

(ब) फार्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फार्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फार्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रकिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन बैंक पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड (एटीएम) / क्रेडिट कार्ड / यूपीआई / वॉलेट आदि योग्य माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फार्म का प्रिंट मय परीक्षा शुल्क भुगतान रसीद (दो प्रतियों में) ले सकेंगें।

**परीक्षार्थी विशेष ध्यान रखें:–**

(i) यदि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई सूचना सही नहीं है / अशुद्ध है या आपके विवरण से मेल नहीं खाती है तो उक्त बिन्दु सं. 4 पर उल्लेखित हेल्पलाईन / संबंधित महाविद्यालय से वांछित निर्देश प्राप्त / सुधार करवाकर ही परीक्षा फॉर्म भरें।

(ii) परीक्षा फॉर्म में वांछित सभी सूचनाऐं सही रूप से भरने / होने व सही रूप से समस्त वांछित दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने पर ही भुगतान की प्रकिया हेतु आगे बढ़ें।

(iii) एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् शुल्क वापस नहीं होगा।

(iv) यदि तकनीकी कारणों से परीक्षा शुल्क आपके बैंक खाते से कट जाता है, लेकिन ट्रांजेक्शन फेल हो जाता है तो ऐसी स्थिति में तुरन्त ऑनलाईन परीक्षा शुल्क दोबारा जमा नहीं करें और अगले दिवस तक इंतजार करें। यदि अगले दिवस तक ट्रांजेक्शन सफल नहीं होता है तो हेल्पलाईन नम्बर अथवा अपने बैंक से सम्पर्क करें। लेकिन यह सुनिश्चित कर लेवें कि इस कारण से पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि प्रभावित नहीं होगी, अतः अंतिम तिथि से पूर्व ही परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

(स) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई / आंशिक) (सरकार द्वारा निर्धारित 40 प्रतिशत सीमा से अधिक) छात्र जो प्रवेश रजिस्ट्रेशन के समय ही इस श्रेणी में प्रवेशित हुए हैं, को केवल परीक्षा शुल्क में आंशिक छूट है। इस संबंध में सक्षम मेडीकल ऑफिसर से जारी प्रमाण–पत्र, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्यथा दशा में निर्धारित शुल्क देय होगा।

(द) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में, यथा स्थान स्वयं के हस्ताक्षर कर मय वांछित स्वप्रमाणित दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण अंकतालिकाओं की स्वप्रमाणित प्रति आदि के साथ परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् तुरन्त अगले कार्य दिवस / अंतिम तिथि से पूर्व तक अपने संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा।

**ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा–निर्देश :–**

फार्म भरते समय समस्त प्रविष्ठियॉ सावधानी पूर्वक भरें। अधूरे अथवा गलत भरे गये फार्म स्वतः निरस्त समझे जायेंगें।

1. परीक्षार्थी जिस कक्षा की परीक्षा के लिए आवेदन करना चहता है, उसके रजिस्ट्रेशन क्रमांक से लॉगिन करने के बाद संबंधित परीक्षा का चयन करें।
2. पूर्व वर्षो में प्रवेशित छात्र को सम्बन्धित कक्षा की परीक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों मय हस्ताक्षर एवं फोटो स्केन मिलान करने के बाद वांछित ऑनलाईन पूर्ति कर परीक्षा फार्म की दो प्रतियॉ (कम्प्यूटर कॉपी और ऑफिस कॉपी) निकालकर सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें। ऑफिस कॉपी के साथ वांछित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करें।
3. ऑनलाईन पद्धति से परीक्षार्थी हार्ड कॉपी निकालने के बाद संबंधित महाविद्यालय में स्वयं के हस्ताक्षर पश्चात् मय स्वप्रमाणित संलग्नकों के ही जमा करवाये। छात्र परीक्षा आवेदन पत्र के साथ एलएल.बी. पाठ्यक्रम की पूर्व वर्षो की समस्त अंकतालिकाओं की फोटो प्रतियां, जाति प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र इत्यादि की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपियॉ आवश्यक रूप से संलग्न करनी है।
4. सम्बन्धित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगें कि परीक्षार्थी उस कक्षा की परीक्षा में बैठने की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियॉ पूर्ण रूप

से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे–परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर फोटो, हस्ताक्षर, भरे गये प्रश्न पत्रों के नाम, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षा शुल्क का विवरण आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करें। ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् चालान की छाया प्रति (Payment Invoice) के पीछे जमाकर्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें। महाविद्यालय आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति अलग रखें तथा कार्यालय प्रति, परीक्षा शुल्क की रसीद के साथ आवश्यक अंकतालिकाऐं आदि संलग्न हों।

5. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।

**परीक्षार्थियों द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मो का महाविद्यालय द्वारा वेरीफिकेशन :–**

परीक्षार्थी ऑनलाईन शुल्क जमा करवाकर दो प्रतियों में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी मय आवश्यक दस्तावेज के संबंधित महाविद्यालय में जमा करवायेंगें। महाविद्यालय परीक्षा फार्मो को रजिस्ट्रेशनवार व्यवस्थित कर निर्धारित तिथि तक कॉलेज लोगिन पेनल से Verify करके विश्वविद्यालय को अंतिम तिथि **04.08.2026** तक जमा करेंगें।

1. ऑनलाईन गेटवे द्वारा जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा फॉर्मो की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रत्येक छात्र के फॉर्म को Verify बटन पर Verify करें। संबंधित कक्षा के सभी फॉर्म Verify होने के पश्चात् प्रिंट ऑपशन पर जाकर Nominal Roll/Print List का प्रिंट लें। तत्पश्चात् Nominal Roll/Print List के क्रम के अनुसार ही संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फॉर्मो को व्यवस्थित कर Nominal Roll लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में स्वयं जमा करवायें।
2. महाविद्यालय ध्यान रखें – उक्त प्रकिया के अभाव में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जा सकेंगें।
3. सम्बन्धित महाविद्यालय सुनिश्चित करें कि परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उसी अभ्यर्थी की जमा करें जिस महाविद्यालय से वह नियमित/एक्स परीक्षार्थी के रूप में प्रवेशित व परीक्षा हेतु योग्य हैं।

**ऑनलाईन भरे गये परीक्षा फार्म, विश्वविद्यालय परीक्षा कार्यालय में जमा करने सम्बन्धी निर्देशः**

परीक्षार्थियों से प्राप्त परीक्षा फार्मो की हार्डकॉपी को महाविद्यालय अपने पोर्टल पर निर्धारित अंतिम तिथि तक वेरिफाई कर उनकी सूची का प्रिन्ट पोर्टल से लेकर उस सूची के अनुरूप सूची क्रमांक प्रत्येक परीक्षा फार्म पर अंकित कर **परीक्षा फार्मो को परीक्षा फार्म संख्यावार व्यवस्थित कर संबंधित महाविद्यालय प्रतिनिधि/डाक द्वारा विश्वविद्यालय को निर्धारित अंतिम तिथि (04.08.2026 सांय 4.00 बजे तक) तक विश्वविद्यालय परीक्षा कार्यालय में** अपने स्तर पर जमा करवायें। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा। नियत समय में ऑनलाईन भरे गये परीक्षा फार्म जो विश्वविद्यालय में परीक्षा फार्मो की हार्ड कॉपी मय वांछित दस्तावेजों के प्राप्त करने हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होते हैं, ऐसे परीक्षा आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा व ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी, जिसके संबंध में संबंधित महाविद्यालय व अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।

**(Dr. Neeraj Jain)**
**Controller of Examinations**

**F. No. 4(3) Exam/ALU/2025-26/** 2196 – 2202 **Dated:** 28/07/2026

**Copy to following for information and necessary action:**

1. Principal, All Affiliated Law Colleges, ALU, Jaipur
2. Comptroller of Finance, ALU, Jaipur
3. ACP, ALU, Jaipur- with request to upload it at University website.
4. PA to VC/ PA to Registrar, ALU, Jaipur.
5. Data Processing Agency- With request to start online forms as per above schedule and perform all actions as per work order.
6. Guard file.

**Controller of Examinations**